स्पीड न्यूज

## श्री राणी सती दादी का मंगसीर नवमी महोत्सव 5-6 दिसंबर को



**जमशेदपुर।** श्री राणीसती सत्संग समिति, जमशेदपुर द्वारा दो दिवसीय 24 वां श्री मंगसीर नवमी महोत्सव आगामी माह 5 एवं 6 दिसम्बर (मंगलवार और बुधवार) को जुगसलाई में धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी लगभग सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। इस वर्ष का विशेष कार्यक्रम प्रथम दिन मंगलवार को दादी भागवत होगा जो जमशेदपुर की धरती पर पहली बार होने जा रहा है। इस संबंध में शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (रिंगसिया) एवं मनीष केडिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस वर्ष भी दो दिन महोत्सव का आयोजन होने जा रहा हैं। पहले दिन मंगलवार 05 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से कलश शोभा यात्रा निकलेगी और दोपहर 02.30 बजे से दादी भागवत का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन बुधवार 06 दिसम्बर को दोपहर 02.30 बजे से सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा। उन्होंने आगे बताया कि दादी भागवत कथा का पाठ करने के लिए मुबई से सुदर्शन कुमार और सामूहिक मंगल पाठ का वाचन करने के लिए भगलपुर से रिया शर्मा को आमंत्रित किया गया हैं। यह धार्मिक कार्यक्रम रंगलाल मैरिज हाउस, डी कोस्टा रोड जुगसलाई मे होगा। कलश शोभा यात्रा एवं मंगल पाठ में शामिल होने के लिए कूपन लेने हेतु इच्छुक महिलाये समिति के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकती है। धार्मिक महोत्सव को सफल बनाने के लिए श्री राणीसती सत्संग समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं।

## लोयोला स्कूल ने छात्र आदित्य कश्यप को सम्मानित किया



**जमशेदपुर।** एशियाई एयर गन शूटिंग चैंपियनशिप में अविश्वसनीय निशानेबाजी से कांस्य पदक जीतने वाले शीर्ष आदित्य कश्यप को लोयोला स्कूल में सम्मानित किया गया। स्कूल की असेंबली में उसे रेक्टर फादर केएम जोसेफ ने शॉल ओढ़ाकर, प्रिंसिपल ने मोमेंटो भेंट कर तथा वाइस प्रिंसिपल जयंती शेषाद्रि ने पौधा देकर सम्मानित किया। शीर्ष को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल विनोद फर्नांडीज ने कहा कि उसने न केवल लोयोला स्कूल को बल्कि देश को भी गौरवान्वित किया है। हाल ही में संपन्न दक्षिण कोरिया में आयोजित एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में उसने कांस्य पदक जीता। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया के डेगू में आयोजित एशियाई एयर गन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह आगामी अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रिंसिपल एवं रेक्टर केएम जोसेफ के अनुसार उन्हें इस बात पर गर्व है कि दृढ़ इच्छाशक्ति के बाद कड़ी मेहनत और अटूट भावना ने शीर्ष को इस पल की जीत तक पहुंचाया है।

## कल जुबिली पार्क का गेट सुबह 9 बजे तक बंद रहेगा

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित जमशेदपुर रन के कारण जुबली पार्क का गेट 3 दिसंबर 2023 को सुबह 9 बजे तक बंद रहेगा। यह जानकारी टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रवक्ता ने दी है।

## मारवाड़ी युवा मंच ने सोशल मीडिया पर चलाया एड्स जागरूकता अभियान




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी, ने दिसंबर 1 को हर वर्ष मनाए जाने वाले विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी एड्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। मंच द्वारा शिक्षा, उपचार और एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों के समर्थन के महत्व पर जागरूक करने के लिए सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न तरीके से जागरूकता अभियान कर लोगों के बीच इसकी जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। अध्यक्ष मोहित मुनका के नेतृत्व में, मारवाड़ी युवा मंच ने एचआईवी/एड्स के विभिन्न पहलुओं पर प्रकार्यों और पहलियों को संबोधित करने के लिए एक श्रेष्ठ और प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सदस्यों, स्वयंसेवकों, और स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी थी। इस जगरुग्ता अभियान को सफल बनाने में अध्यक्ष मोहित मुनका, सचिव सौरव सोनथालिया, कोषअध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, अंकित मुनका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से ग्रामीण योजनाओं का मिल रहा लाभ : मंगल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटमदा।** बोड़ाम प्रखंड की गौरडीह पंचायत भवन में शुक्रवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वार शिविर का आयोजन प्रखंड प्रशासन की ओर से किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के अलग- अलग स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो रही है ताकि झारखंड के हर व्यक्तयों को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सभी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर विधायक ने सोना सोबरन धोती- साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, आदि का वितरण किया। इस अवसर पर बीडीओ नाजिया अफरोज, छुटुलाल हांसदा, मुखिया आरती सिंह, हिमांशु महतो, श्यामापद महतो, काजल सिंह, संतोष महतो, खेदू गोप व ग्रामीण मौजूद थे।

# साकची उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह आज से

## रविवार की शाम कोलकाता की प्रसिद्ध गायिका अर्पिता चटर्जी देंगी प्रस्तुति

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** साकची उच्च विद्यालय प्लेटिनम जुबली के उपलक्ष में साकची उच्च विद्यालय प्रांगण में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के अल्युमिनि संगठन के द्वारा दो दिवसीय एक पुनः मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जो दिनांक 2 दिसंबर शनिवार संध्या 4:00 बजे से पूर्ववर्ती विद्यार्थियों के निबंधन के साथ प्रारंभ होंगे।

यह पुनर्मिलन समारोह विधि बत रूप से मुख्य अतिथि स्वामी कृपा आत्मानंद जी महाराज (विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र) एवं विकास मुखर्जी के कर कमल के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। साथ ही साथ वर्तमान में कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात पूर्ववर्ती छात्रों के द्वारा एक आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जो कि अपने कला के लिए न केवल अपने शहर में ही विख्यात है, बल्कि मुल्क के विभिन्न प्रांतो में भी अपना अमिट छाप छोड़े हैं।

### रविवार का कार्यक्रम

दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ दिन के 11:00 बजे से पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के निबंधन से शुरू होगा तत्पश्चात साकची उच्च विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया जाएगा। पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का अल्युमिनि संगठन के द्वारा पूर्ववर्ती छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा मध्यान भोजन के बाद पूर्ववर्ती विद्यार्थियों अपने-अपने विद्यालय के बीते पलों के तरों ताजा करेंगे और पुराने दिनों में खो जाएंगे अंत में कोलकाता के प्रसिद्ध गायिका श्रीमती अर्पिता चटर्जी के मनमोहक गानों से कार्यक्रम का समापन होगा। उक्त जानकारी स्कूल परिसर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में प्लेटिनम जुबिली आयोजन कमेटी की सदस्य श्रीमती पूरबी घोष ने दी।

इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य देवाशीष नाहा, विश्वदीप मंडल, सोमू सेन, सुब्रतो विश्वास, रंजीत चटर्जी आदि उपस्थित थे।

# टाटा स्टील ने लगातार तीसरी बार जीता गोल्ड एम्पलायर का खिताब

टाटा स्टील को इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स (आईडब्ल्यूईआई) 2023 दी मान्यता

तीसरा स्वर्ण खिताब एलजीबीटी+ समावेशन के निरंतर प्रयासों के लिए मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो




**मुंबई/जमशेदपुर।** एलजीबीटी+ समावेशन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए टाटा स्टील को लगातार तीसरे वर्ष इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स (आईडब्ल्यूईआई) 2023 द्वारा गोल्ड एम्प्लायर के रूप में मान्यता दी गई है।

आईडब्ल्यूईआई ने टाटा स्टील को अपनी नीतियों, नियुक्ति अभ्यासों और बाहरी संचार में विविधता और समावेशन में असाधारण प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया है। अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील ने कहाः ₹एलजीबीटी + समावेशन की दिशा में टाटा स्टील की यात्रा एक निरंतर विकास को दशार्ती है, और यह सम्मान एक ऐसे वातावरण को बनाए रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देती है जहां विविधता पनपती है।

यह एक ऐसे कार्यस्थल बनाने के लिए हमारे समर्पण को दशार्ता है, जहां हर व्यक्ति, अपने यौन रुझान या लिंग पहचान की परवाह किए बिना, मूल्यवान और सम्मानित महसूस करता है। एक समावेशी कार्यस्थल जो पूर्वाग्रहों के प्रति शून्य सहिष्णुता को बढ़ावा देता है और योग्यता पर आधारित संस्कृति को बढ़ावा देता है।

समावेशी कार्यस्थल बनने की दिशा में टाटा स्टील की यात्रा को मानव संसाधन नीतियों, अभ्यासों और संगठनात्मक संस्कृति के विभिन्न पहलुओं में व्यापक प्रयासों द्वारा चिह्नित किया गया है। कंपनी ने एलजीबीटी+ पार्टनर्स के लिए समान लाभ जैसी प्रगतिशील रोजगार नीतियों को लागू किया है जो सिर्फ चिकित्सा कवरेज से परे है और इसमें हनीमून पैकेज, कर्मचारियों के लिए लिंग परिवर्तन से संबंधित समर्थन और जेंडर न्यूट्रल पेरेंटल लीव जैसे लाभ शामिल हैं। अपनी समावेशी नियुक्ति अभ्यासों के अलावा, टाटा स्टील ने एलजीबीटी+ समुदाय के लिए एक सहायक नेटवर्क प्रदान करने के लिए कर्मचारी संसाधन समूहों (ईआरजी) को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है। कंपनी स्वीकार्यता और समझ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आउटरीच कार्यक्रमों, सामुदायिक पहलों और साझेदारियों में भी जुडी हुई है। आईडब्ल्यूईआई कार्यस्थल में लेस्बियन, गे, बाइ और ट्रांस (छत्र्ह्ळ+) समावेशन पर उनकी प्रगति का आकलन करने के संबंध में नियोक्ताओं के लिए भारत का पहला व्यापक बेंचमार्किंग टूल है। सूचकांक नौ क्षेत्रों को मापता हैः नीतियां और लाभ, कर्मचारी जीवनचक्र, कर्मचारी नेटवर्क समूह, सहयोगी और रोल मॉडल, वरिष्ठ नेतृत्व, निगरानी, खरीद, सामुदायिक जुड़ाव और अतिरिक्त कार्य।

यह चौथी वार्षिक आईडब्ल्यूईआई मूल्यांकन प्रक्रिया है जिसमें 120 संगठनों ने भाग लिया था। 35 संगठनों को 'गोल्ड' एम्प्लायर के रूप में मान्यता दी गई है, 29 संगठनों को 'सिल्वर' नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है और 32 संगठनों को 'ब्रॉन्ज' नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है।

## जमशेदपुर पुस्तक मेला का समापन कल



**जमशेदपुर।** टैगोर एकेडमी के परिसर में चल रहे 37 वां जमशेदपुर पुस्तक मेला का समापन 3 जनवरी को होगा। इस बीच आज से स्कूली छात्र-छात्राओं ने मेले का भ्रमण कर बेजान से चल रहे मेले में रंगत भर दी। एक स्टॉल पर किताबे देखती छात्राएं।

## ओडिशा फसी ने जमशेदपुर को 1-0 हराया



## झारखंड में अपस्टॉक्स के ग्राहकों की संख्या में 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी : अमित ललन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत के प्रमुख निवेश प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने अपने ऐप पर नए फीचर पेश किए हैं जिससे भारत में लोगों के लिए निवेश बेहद सरल बन जाएगा। अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सहज और अधिक आकर्षक बनाना। अपस्टॉक्स के मुख्य अभियान इन्वेस्ट राइट, इन्वेस्ट नाउ के एक महत्वपूर्ण अंग हैं जिसका लक्ष्य है, निवेशकों को कहां, क्यों और कैसे निवेश करना है, इसके बारे में जानकारी देना। अपस्टॉक्स के निदेशक अमित ललन ने शुक्रवार को साकची स्थित एक होटल में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि ग्राहकों पर विशेष ध्यान और इक्विटी भागीदारी बढ़ाने के निरंतर प्रयास के साथ, अपस्टॉक्स के पास अब ग्राहकों की संख्या बढ़कर 1.2 करोड़ से अधिक हो गई है। अपस्टॉक्स पर डीमैट खाता संख्या में जिन राज्यों में भारी वृद्धि हुई, झारखंड राज्य उनमें से एक रहा। कंपनी ने झारखंड में अपने ग्राहकों की संख्या में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। इसमें मार्च 2021 के बाद से अक्टूबर 2023 तक 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। झारखंड सभी ग्राहकों में से लगभग 80 प्रतिशत ग्राहक 18-35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। रांची में अपस्टॉक्स एक विविध ग्राहक आधार के साथ मौजूद है, जहां 78 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की आयु के हैं। इसमें व्यवसायी, सरकारी कर्मचारी और गृहिणियां शामिल हैं।

## हथियाडीह : शंभु मार्डी को माझी बाबा व रतन लाल महतो को ग्राम प्रधान चुना

**गम्हरिया।** सरायकेला जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत हथियाडीह में जियाडा द्वारा उद्योग लगाने के लिए जमना ऑटो लिमिटेड को 13.50 एकड़ जमीन आवंटित किया गया है। जमीन पर कब्जा करने पहुंचे जमना ऑटो को ग्रामीणों का भारी आक्रोश झेलना पड़ रहा है (पिछले कई सालों से कंपनी यहां कब्जा करने को लेकर जद्दोजहद कर रही है, मगर अब जाकर कंपनी सीमांकन करने के करीब है। इससे पूर्व कंपनी को करीब 2 एकड़ जमीन की कुबार्नी देनी पड़ी है बावजूद इसके ग्रामीणों का विरोध जारी है। वैसे तो जिला प्रशासन और कंपनी के अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों के ज्यादातर मांगों को मान लिया गया है। इसके तहत करीब डेढ़ एकड़ भूमि में खेल का मैदान विकसित करने, गांव के आसपास सीएसआर के तहत विकास करने, गांव के युवाओं को हाउसकीपिंग के तहत रोजगार मुहैया कराने पर कंपनी सहमत हो गयी है और खेल के मैदान को विकसित करने का काम शुरू करा चुकी है।




ग्रामीणों के अनुसार किसी भी कंपनी को स्थापित करने से पहले ग्राम सभा की अनुमति अनिवार्य है।

# इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन कॉलेज का दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार आज से

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सेमिनार का करेंगे उद्घाटन

विषय है : जी-20 इंडिया यूथ इन एजूकेशन,हेल्थ, ई-कॉमर्स एंड एथिक्स : फ्यूचर प्रोस्पेक्टस फॉर झारखंड

खबर मन्त्र ब्यूरो



सेमिनार के बारे में पत्रकारों को जानकारी देती डॉ शुक्ला मोहंती। साथ में हैं संस्थान के निदेशक डा आरएन मोहंती।

**जमशेदपुर।** सरायकेला जिले में स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन कॉलेज द्वारा 20 इंडिया यूथ इन एजुकेशन हेल्थ ई-कमर्स एंड एथिक्स फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स फॉर झारखंड के विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन 2 दिसंबर से 3 दिसंबर तक किया जाएगा। यह सेमिनार श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल जमशेदपुर तथा कनफेडरेशन आफ इंडिया के सहयोग से हो रहा है।

श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को दिन के 11 बजे केंद्रीय जनजाति कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। इस अवसर पर उनका पारंपरिक स्वागत नृत्य संगीत तथा सम्मान के साथ किया जाएगा। सेमिनार में स्वागत भाषण आर्यन महंती द्वारा दिया जाएगा जबकि सेमिनार से संबंधित व्याख्यान कोल्हन विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति शुक्ला मानती द्वारा दिया जाएगा।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ शुभकांत महंती नायक के सलाहकार डॉ जगदीश पाटील विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष भाषण श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल जमशेदपुर के महासचिव डॉक्टर हारुवल्लभ सिंह आरसी द्वारा दिया जाएगा। पहले तकनीकी सत्र में ई-कॉमर्स पर आयोजित सत्र के सब अध्यक्ष एक्सएलआरआई के प्रोफेसर वेणुगोपाल रहेंगे। इस अवसर पर डॉक्टर सुजीत कुमार द्विवेदी अजय वर्मा डॉक्टर चंद्रशेखर जोशी पंकज कुमार और डॉक्टर संचिता बिहू सेन अपने पेपर प्रस्तुत करेंगे।

दूसरे टेक्निकल सत्र की अध्यक्षता डॉ सरोज कुमार मिश्रा करेंगे जो इग्नू देवघर के क्षेत्रीय निदेशक हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार पाठक स्वामी किरण डॉ राखी कुमारी डॉ विनय कुमार गुप्ता विकसित मोहंती एवं रत्न मित्र के अलावा प्रोफेसर कमल कुमार बुद्ध अपनी प्रस्तुति देंगे सेमिनार के पहले दिन का समापन भाषण डॉक्टर स्वीटी सिंह द्वारा दिया जाएगा। 3 दिसंबर को समापन सत्र आयोजित होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार उपस्थित रहेंगे।

## खबर एक नजर में

### एनटीटीएफ में दो दिवसीय 'यूथ स्किल स्पोर्ट्स फेस्ट' का आयोजन



**जमशेदपुर।** गोलमुरी स्थित आर डी टाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में 2 दिवसीय ' यूथ स्किल स्पोर्ट्स फेस्ट' का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड बॉक्सिंग असोसिएशन के सेक्रेटरी आनंद बिहारी दुबे मौजूद रहे। आयोजित 'स्पोर्ट्स फेस्ट' का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवम् संस्थान की प्राचार्य प्रीता जॉन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में खेलकूद को जीवन की जरूरत बताते हुए कहा कि खेल जीवन में ऊर्जा का संचार करता है एवं जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता इच्छाशक्ति की मजबूती एवं संघर्ष ही आपको लक्ष्य तक पहुंचाता है। फिर प्राचार्य प्रीता जॉन द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुछ दे सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्राचार्य ने कहा कि लीडरशिप एवं टीम स्पिरिट को समझने के लिए खेलकूद एक महत्वपूर्ण जरिया है।कार्यक्रम में फुटबॉल,वॉलीबॉल खो-खो, कबड्डी जैसे खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन देते हुए छात्रों ने टीम स्पिरिट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। आयोजित ' स्पोर्ट्स फेस्ट ' में मुख्यतः रामकृष्ण मिशन इंग्लिश स्कूल, आदिवासी प्लस टू उच्च विद्यालय, डिस्ट्रिक्ट कम उच्च विद्यालय,बाल ज्ञान पीठ स्कूल, पीपल हाई स्कूल, साउथ प्वाइंट स्कूल, विद्या भारती चिन्मया, केरल समाज मॉडल स्कूल, सिस्टर निवेदिता इंग्लिश स्कूल, उत्कल समाज हाई स्कूल,विवेक विद्यालय, शिक्षा निकेतन शामिल हुए। वॉलीबॉल बालक वर्ग में विवेक विद्यालय गोविंदपुर को प्रथम स्थान वहीं विद्या भारती चिन्मया को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। वालीबॉल बालिका वर्ग में प्रथम स्थान रामकृष्ण मिशन हाई स्कूल एवं द्वितीय स्थान सिस्टर निवेदिता हाई स्कूल के नाम हुआ।वोही बालक वर्ग कबड्डी में चिन्मया विद्यालय और विवेक विद्यालय के बीच में मुकाबला हुआ जिसमें चिन्मया विद्यालय विजेता रही। वोही कबड्डी बालिका वर्ग में आदिवासी प्लस टू विद्यालय और बल ज्ञान पीठ के बीच मुकाबला हुआ जिसमे आदिवासी प्लस प्लस टू हाई स्कूल विजेता रही। आयोजन में रमेश राय, शिवाप्रसाद, बीपी आचार्य, मंजर, लक्ष्मण सोरेन, रोहित, दीपक ओझा, शशि रंजन मिश्रा, पंकज गुप्ता, प्रणब घोष, मिथिला, प्रीति, मंजुला एवं अन्य का सराहनीय सहयोग रहा।

### जुबली पार्क रोड , साकची में चला एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** एड्स दिवस पर शुक्रवार को आईएचएमओ जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश नेतृत्व में जुबली पार्क रोड, साकची में एड्स नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ केपी अहमद के निर्देश पर जिला अध्यक्ष एसआरके कमलेश की ओर से एड्स बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरुक करते हुए बचाव तथा लक्षण से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को रेड रिबन पहनकर की गयी। मौके पर हसन अख्तर इमाम, अध्यक्ष इंसानियत वेलफेयर ट्रस्ट, पूर्व कमिश्नर कोल्हान प्रमंडल विजय सिंह, वरीय संपादक जयप्रकाश राय, डॉ संजय गिरी, सुरेंद्र शर्मा, मदन शर्मा, सविता सिंह, आयशा खान, ज्योति प्रसाद, सुमन जगडाला, रोशन रंजन पांडे, पास्टर के चंद्र मोहन राजु राव, के वी मैरी, राज किशोर प्रसाद, विजय किशोर शर्मा व अन्य मौजूद थे।

### अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज इकाई के द्वारा जमशेदपुर कॉलेज प्रांगण में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नगर में 7 से 10 दिसंबर तक आयोजित किया गया है, जिसमें देश के सभी कॉलेज परिसरों से 10000 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। इन चार दिनों में देश के शैक्षिक सामाजिक एवं समसामयिक विषयों चर्चा होंगे और कई प्रस्ताव भी पारित किये जाएंगे। छात्र नेता बापन घोष ने बताया कि परिषद अपना इस वर्ष 75 वर्ष मना रहा है अमृत महोत्सवी राष्ट्रीय अधिवेशन अधिक महत्वपूर्ण और, ऐतिहासिक होगी। जमशेदपुर के सभी कॉलेजों से 20 विद्यार्थी कार्यकर्ता इस अधिवेशन में शामिल होंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन हम कार्यकर्ताओं के लिए एक वार्षिक उत्सव है जिसका इंतजार पूरे साल भर करते है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद के जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज इकाई अध्यक्ष शुभम राज, उपाध्यक्ष विशाल सिंह, सौरभ ठाकुर, युवराज, राजीव कुमार, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, गुरुचरण,अमन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बीएसीइटी : मैकेनिकल इंजी. के छात्र गोपाल का क्रॉस इंडिया में चयन



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिआ जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतिम वर्ष के छात्र गोपाल जी का अग्रणी कंपनी क्रॉस इंडिया लिमिटेड में बहुत अच्छे पैकेज पर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर हुआ है। कंपनी ने 23 नवंबर को अपने एच आर कार्यालय में चयन प्रक्रिया आयोजित की। छात्र जनवरी 2024 में कंपनी में शामिल होगा और छह महीने तक प्रशिक्षण में रहेगा। एक अन्य छात्र नव किशोर महतो भी ग्रेजुएट इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद के लिए प्रतीक्षा सूची में है। छात्रों की सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एस के सिंह, प्रभारी प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट ऑफिसर श्री राहुल सिंह और सभी प्रोफेसर्स के द्वारा छात्रों को बधाई दी गयी।

### पूर्व मंत्री सहिस ने की बोड़ाम में आजसू पार्टी का सांगठनिक समीक्षा



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को दोपहर 1 बजे बोड़ाम प्रखंड स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मानिक महतो ने किया जबकि छूटूलाल सिंह ने किया वही धन्यवाद श्याम कृष्ण महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने सांगठनिक विषयो पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यकर्मो को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को जरुरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता के साथ सीधे संवाद स्थापित कर क्षेत्र की मूल समस्याओं का निराकरण करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है और पार्टी को मजबूत करना है। साथ ही झामुमो के द्वारा लूट और झूठ की चल रही सरकार पर प्रहार करना है। इस बार आजसू पार्टी को तैयार रहना है इसके लिए अभी से आप सभी कमर कस लीजिए क्योंकि आगामी दिनों में संगठन आसन्न विधानसभा और लोक सभा के चुनावी महापर्व में अपना दमखम दिखाना है और पार्टी सुप्रीमो के हाथो को मजबूत करना है। बैठक में मुख्य रूप से आदित्य महतो, मृत्युंजय सिंह, माणिक महतो, तरणी महतो, समर गोप, भक्त मंडल,निर्मल सिंह ,रेणुका महतो ,सुमित्रा महतो समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### मारपीट की घटना में एक को जेल

**कटकमदाग।** थाना कांड सा0 328/23 के प्राथमिकी अभियुक्त रामेश्वर माली पे0 छक्कन माली एवं कांड सा0 329/23 के प्राथमिकी अभियुक्त किशोरी माली पे स्व0 सुकर माली दोनों सा0 बन्हा थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर नयायिक हिरासत में भेजा गया है। दिनांक 26/11/23 को नर्सिंह स्थान मंदिर के पास दुकान लगाने को लेकर दोनों परिवार के लोगों के बिच मारपीट की घटना हुई थी।

### भुरकुंडा पंचायत में 130 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण


कंबल वितरण करते मुखिया अजय पासवान।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य भुरकुंडा पंचायत में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने लगभग 130 गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से बचाया जायेगा। उन्होंने बताया की सरकार द्वारा 160 कंबल उपलब्ध कराया गया था। जिसमें से 30 कंबल आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 30 जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया था। उन्होंने कहा कि पंचायत में गरीबों की संख्या बहुत ज्यादा है जिसके चलते सबों को कंबल पहीं मिला पाया है। जल्द ही और कंबल की व्यवस्था कर बाकि बचे लोगों के बीच भी वितरण कर उन्हें ठंड से राहत दिलाया जायेगा। मुखिया श्री पासवान ने कहा कि पंचायत का चहुंमुखी विकास व सरकारी योजनाओं शत प्रतिशत लाभ गरीब-जरूरतमंदों को दिलाना ही मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। मौके पर उप मुखिया संजीत राम, पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार भुइयां पुष्पा देवी, रोशन पासवान, आशा दुबे, अमित पासवान, कौशल्या देवी, ललिता देवी, उमेश नायक, सुनीता देवी, किरण तिवारी, प्रीति देवी, विजय पासवान, उदय सिंह, विजय दुबे, भोला कुमार, लाली करमाली, अरविंद तिवारी, महेश रजवार, संतु मुंडा, अरुण कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

### आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में अंकुरम आईवीएफ रांची ने लगाया परामर्श शिविर


चेक-अप करते डॉ. मुनुन व आशा कुमारी।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अंकुरम आईवीएफ फर्टिलिटी एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर रांची द्वारा आदर्श क्षेत्रीय सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा में शुक्रवार को एएमओ डॉ एके टोप्पो, डॉ नदीम अनवर की देख रहे में निशुल्कः परामर्श शिविर लगाया गया। शिविर में रांची अंकुरम आईवीएफ के डॉ मुनुन कुमार व असिस्टेंट आशा कुमारी के द्वारा 12 निसंतान मरीजों की जांच किया गया। साथ ही उचित परामर्श भी डॅक्टर द्वारा दिया गया। मौके पर डॉ. मुनुन कुमार ने बताया कि चार-पांच साल पूर्व शादी होने के बावजूद बच्चा न होने के कारण कई दंपति संतान का सुख नहीं भोग पाते हैं। वैसे दंपत्तियों की समस्याओं का समाधान ही शिविर का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि शिविर में पाये निसंतान दम्पतियों का रांची के अंकुरम आईवीएफ में निःशुल्क टेस्ट किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ट्रीटमेंट के बाद महिलाओं का सुना गोद खुशियों से भर जायेगा। दर्जनों महिलाओं ने ट्रीटमेंट के बाद इसका लाभ भी उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह का निःशुल्क शिविर लगाकर क्षेत्रवासियों को लाभ पहुंचाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में फारूक रजा, राहुल झा, अमलेश भौमिक, पाटीवा कुमारी, रुकसाना, आरती मुन्नी, दिवाकर, जितेंद्र, गणेश साव आदि का विशेष योगदान रहा।

### जिनगा में फर्जी तरीके से हो रही है जमीन की बिक्री

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी ढंग से जमीन की अवैध खरीद बिक्री का किया जा रहा है इस संबंध में दारू अंचल के जिनगा से एक नया ताजा मामला सामने आया है। यहां के ग्रामीणों ने ग्राम जिनगा निवासी बैजनाथ प्रसाद पिता स्वर्गीय सोबरन महतो और उनकी मां बचनी देवी पर फर्जी तरीके से जमीन की एलपीसी लेकर खरीद बिक्री का आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को अंचलाअधिकारी को एक आवेदन सौपा जिसमें ग्रामीण ने आरोप लगाया है कि उक्त दोनों मां बेटे के द्वारा मौजा जिनगा में जमीन की खाता संख्या 24, 35, 36, 46, 63, और 65 मैं फर्जी तरीके से वंशावली बनाकर आंचलकर्मियों की मिलीभगत से एलपीसी निर्गत करवा रहा है साथ ही जमीन का दाखिल खारिज भी करवाया जा रहा है। इस मामले में ग्रामीणों ने अंचल कर्मियों पर बैजनाथ प्रसाद के साथ मिली भगत का आरोप लगाते हुए गलत ढंग से उसका कार्य किए जाने का आरोप लगाया गया है। अंचलाअधिकारी को आवेदन देने वालों में सुरेंद्र प्रसाद, अमित कुमार, मिथिलेश प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद, जनार्दन प्रसाद, संदीप कुमार, अरुण कुमार, आलोक कुमार, रवि प्रसाद, रंजन कुमार, कृष्ण कुमार, देवनंदन प्रसाद आदि शामिल थे।

### वर्तमान हेमंत सरकार विफल: सुदेश महतो

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद प्रशासनिक प्रतिनिधि गिरेंद्र प्रसाद एवं तलसवार पंचायत के कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष निरोज करमाली के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के प्रति आस्था जताते हुए शुक्रवार को रांची स्थित आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के आवासीय कार्यालय में पार्टी का दामन थामा। मौके परआजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने सभी कार्यकताओं को आजसू पार्टी का पटा और माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता को ठगने का काम कर रही है। विकास के नाम पर सिर्फ बड़े-बड़े वादे करके सत्ता हासिल करने वाली हेमंत सरकार चारों ओर विफल हो रही है।वही आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने कहा है कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र और संपूर्ण झारखंड का विकास सिर्फ आजसू पार्टी ही कर सकती है। वहीं आजसू पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि बड़कागांव का विकास सिर्फ और सिर्फ और रौशन लाल चौधरी के ही हाथों संभव है। मौके पर आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा,प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार,तापस वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुमार,महेंद्र विश्वकर्मा,राजा खान, तुलेश्वर राम, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

# एड्स को लेकर चलाएं जागरूकता अभियान : डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते प्रकाश ज्ञानी।

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अस्पताल के डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश ने सभी सहिया साथी को एड्स से कैसे लोगो को बचाया जा सके विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। जिसमें लोगो को एड्स विषय पर कई प्रकार की जानकारी दी गयी। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि यह एक संक्रमित बीमारी है, एक संक्रमित व्यक्ति के साथ संबंध बनाने पर दूसरे को हो सकता है। यह बीमारी का फैलाव अधिकतर युवा वर्ग में हो रहा है। बीमारी से निजात दिलाने के लिए जागरूकता आवश्यक है। लोग जितना जागरूक होंगे, उतना ही इस बीमारी से खुद को बचा पाएंगे, इसलिए सभी को जागरूक करने की आवश्यकता है। काउंसलर कादम्बनी दुबे ने बताया कि बरही प्रखंड में 400 से अधिक लोग एड्स से संक्रमित है। वही पुरुष के तुलना में महिलाएं कम संक्रमित है। एड्स संक्रमित लगभग 16 से 17 महिलाओं को डिलीवरी भी हुआ लेकिन काउंसलिंग व बेहतर दवा के कारण सभी महिलाओं ने स्वस्थ बच्चें को जन्म दिया। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से युवा वर्ग अधिक प्रभावित है।बताया कि बरही प्रखण्ड में कोल्हुआकला, बरसोत, बरहीडीह एवं रसोइया धमना में संक्रमित मरीजों की संख्या अधिक है। युवा वर्ग को इससे बचने की जरूरत है। मौके पर सहिया साथी माया देवी, आरती देवी, नगीना देवी, विद्या देवी, कुमारी संजू रानी, निर्मला सिन्हा, हिमा कुमारी, रेखा देवी, रेणु कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### विकास मद की आस में रसोइया धमना पंचायत

- समर्पित जीवन है पंचायत वासियों के हित के लिए : गोविंद साव मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता


मुखिया गोविंद साव।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना में जनहित से जुड़े मुद्दे एवं सरकार की लाभकारी योजनाओं को धरातल में लाने के लिए पंचायत के मुखिया गोविंद साव ने पंचायत वासियों के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया है।इस बात की जानकारी पंचायत के मुखिया गोविंद साव ने प्रेस को एक साक्षात्कार में कहा।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा घोषित एक साल की विकास मद की राशि उन्हें एकमुश्त मिलजाती तो पंचायत का काया पलट होने में क्षण भर की भी देर नही किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा भेजी गई विकास मद की राशि इस वर्ष बहुत ही कम भेजी गई है।फिर भी उन्होंने विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था में सुधार करते हुए विद्यालय में कुर्सी टेबल एवं अध्यनरत बच्चों के बैठने के लिए व्यवस्था किया गया।साथ ही पंचायत अंतर्गत लस्करी गावँ में श्मशान घाट, छोटकी बरही स्थित कर्बला में जलमीनार, रोहन साव के घर के पास जलमीनार के अलावे रसोइया धयमना पंचायत भवन में टेबल कुर्सी के साथ पर्दा एवं रंग रोगन में राशि खर्च की गई है।कहा कि प्रेस पत्रकारों का भी तायित्व है कि प्रखंड अंतर्गत संचालित पंचायत प्रमुख एवं पंचायतकर्मियों पर निरन्तर सर्वे जारी रखा जाय ताकि सरकार के पैसों दुरपयोग कोई भी मुखिया या जनप्रतिनिधि नही कर सके साथ ही पंचायत के आमजनों तक पंचायत के जनप्रतिनिधि के विकास मॉडल की जानकारी लोगों को मिलती रहे।उन्होंने सरकार आपके द्वार कार्यकर्म की सराहना करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से लोगों को सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ भरपूर मिल रही है।

### अदाणी फॉउंडेशन ने 70 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए हुए 70 टीबी मरीजों के बीच गुरुवार को छठे चरण का पोषण किट वितरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत इन मरीजों को निःशुल्क पोषक आहार प्रदान किए गए।इस अवसर पर बड़कागांव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के क्षेत्र में कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है। उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। एम्बुलेंस सुविधा के लिए ईंधन तक मरीजों से नहीं लिया जाता है और उन्हें त्वरित गति से हजारीबाग भेजने की व्यवस्था की जाती है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं।

### लायंस क्लब ने बिजली मिस्त्री की बेटी के विवाह में लिए किया आर्थिक सहयोग


आर्थिक सहयोग करते क्लब के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा निवासी राधेश्याम राम बिजली मिस्त्री के बेटी की शादी के लिए लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शुक्रवार को 9 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने कहा कि क्लब का उद्देश्य समाजसेवा एवं जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर लायन अशोक सिन्हा, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, विजयंत कुमार, राजेंद्र महतो, संजय सिंह, शिवा प्रसाद आदि मौजूद थें।

### औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के तीन छात्रों का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में हुआ चयन

खबर मन्त्र संवाददाता


चयनित छात्र।

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के तीन मेधावी बच्चों का चयन देश की सबसे प्रीमियम इंस्टीट्यूट माने जाने वाली भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर में हुआ है। इन तीनों बच्चों का चयन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के रचनात्मक शिक्षा केंद्र में हुआ है जहां ये बच्चे अगले 3 महीने तक नई प्रौद्योगिकी, कटिंग एज टेक्नोलॉजी और अनुसंधान जैसे विषयों के बारे में गहनता पूर्वक अध्ययन करेंगे। ये तीनों बच्चे परियोजना प्रभावित सीकरी और केरेडारी गांव से हैं। चयनित प्रतिभावान बच्चों में डब्ल्यू कुमार पासवान, रंजन राणा और शशि कुमार पासवान हैं जिन्हें आईआईटी गांधीनगर जैसे संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आपको बता दें कि इससे पहले भी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित टअक्ळक प्रशिक्षण केंद्र से कई बच्चों का चयन देश की विभिन्न कंपनियों में हुआ है जहां वह सफलतापूर्वक रोजगार कर रहे हैं। इस बेहद खास मौके पर भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने बच्चों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी और खुशी जाहिर करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर उप महाप्रबंधक एस.के. सेनापति एवं मंजुनाथ भी मौजूद रहे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** पश्चिमी पंचायत भवन में झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह व संचालन सफीउल्लाह अंसारी ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव बेदिया उपस्थित हुए। इस दौरान श्री बेदिया दाता बाबा मजार पहुंचे और माथा टेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। श्री बेदिया ने कहा झामुमो एक आंदोलनकारी पार्टी है इस पार्टी से जुड़ने से एक परिवार की तरह लोगों को मदद किया जाता है। हेमंत सरकार झारखंड हित के लिए बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है। आदिवासी मूल निवासी के लिए विशेषकार्य कर रही है। मौके पर विशेश्वर राम, पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, सरोज कुमार मेहता, सूरज वर्मा, राजेंद्र मुंडा, कृष्ण प्रजापति, बिट्टू कुमार, गुरेश्वर पासवान शहीत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के सिवाने नदी पेटो से बुध बाजार झरपो तक करीब छह किलोमीटर तक बन रहे सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इस तरह का आरोप कबलासी पंचायत के मुखिया रीना देवी और ग्रामीणों ने लगाया है। इस बारे में मुखिया ने कहा की आजादी के बाद पहली बार इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है और उसपर सड़क का निर्माण तय मापदंड के हिसाब से नहीं किया जा रहा है। इस मामले को लेकर कनीय अभियंता सुभाष प्रसाद को बुलाया गया। कनीय अभियंता ने खराब गुणवत्ता से बन रहे सड़क की बात स्वीकार करते हुए इसे सुधारने की बात कही है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में 18 सहियाओ को कार्यनिर्देश मिला


कार्यनिर्देश देते।

**मांडू।** मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू में 1 दिसंबर को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रामगढ़ के पत्रांक 635 के आलोक में राज्य से ईमेल के माध्यम से मांडू प्रखंड के 18 सहियाओ को मांडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर रश्मि रोमिला संगा द्वारा प्रखंड के आए सभी सहियाओ को कार्यनिर्देश दिया। साथ ही साथ प्रखंड से आए सभी सहियाओ को चिकित्सा प्रभारी के द्वारा जानकारी दी गई की आज 1 दिसंबर है एड्स वर्ल्ड दिवस मनाया जाता है। किन-किन कारणों से एड्स बीमारियां होने का संभावना बना रहता है एड्स के मरीज को दिया गया इंजेक्शन और दूसरे व्यक्ति को वही सुई से इंजेक्शन देने पर एड्स बीमारी होने का संभावना बना रहता है। एड्स के मरीजो से खून का लेनदेन दान प्रदान करने पर एड्स बीमारी होती है। मांडू प्रखंड के इन सहियाओ को कायार्देश दिया गया। जिसमें राखी कुमारी, सुमन पांडे, सुशीला देवी, होलिका कुमारी, मधु देवी, नजमा खातून, तिलोत्तमा देवी, गुड़िया कुमारी, उषा देवी, नंदिनी देवी, पूनम हेमरोम, मंजू देवी, सुनीता देवी, चिंता देवी, सुधा कुमारी, सुनीता सोरेन, वीणा कुमारी, रश्मि देवी शामिल हैं।

## एक नजर में

### करमा गांव का रास्ता जर्जर


श्रमदान देते लोग।

**टाटीझरिया।** प्रखंड के खैरा पंचायत के करमा गांव में जहां तहां गड्ढा और कीचड़ होने से ग्रामीणों तथा आवागमन कर रहे राहगीरों को बरसात के दिनों में काफी मुशीबतो की सामना करना पड़ता रहा है। इसी रास्ते छात्र छात्राओं को विद्यालय आवागमन, दो पहिया चार पहिया ममता वाहन,विद्यालय आवागमन के लिए वाहनों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों से पीछे जाने पर कहा कि खैरा पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी ने अपनी निजी खर्च से दो बार लगातार कीचड़ से सना रास्ते की जानकारी पाते ही मिट्टी मोरम डलवाकर आवागमन के लायक रास्ते को बनवाया है। वही जब इस संबंध में खबर मन्त्र संवाददाता ने मुखिया से बात कि तो उन्होने बताया कि बरसात के मौसम में इस रास्ते अब तक कई ग्रामीणों को आपातकालीन स्थिति में दुर्घटनाओं की सामना करना पड़ा है। इस रास्ते में कीचड़ से सना होने के कारण बरसात के मौसम में एंबुलेस, ममता वाहन को गांव में जाना बहुत ही मुश्किल होता है। ग्रामीणों ने समस्या को मुझे बताया तो मैं अपनी निजी खर्च से रास्ते को दो बार बनवाई थी। इस रास्ते को बनाने के लिए कोडरमा लोकसभा सांसद महोदया अनुपूर्णा देवी को सूचना देने पर अथक प्रयास से सरकार द्वारा आदेश पत्र 10 मई 2023 को रास्ते बनाने के लिए मुहर लगाया गया था।लेकिन अब तक रास्ते बनाने की कार्य रुकी हुई है। मैं सबंधित विभाग से अपील करती हूं की अविलंब रास्ते बनाने के कार्य आरंभ कर समस्याओं का समाधान किया जाए। श्रमदान करने वाले ग्रामीणों में बुधन मिस्त्री, भोला ठाकुर, तुलेश्वर राणा, ईश्वर राणा, बासुदेव राणा, जगदीश ठाकुर, गजाधर, मुकेश, किशोरी नेमा, अर्जुन पासवान, सरयू मिस्त्री, बुधन सिंह, बंधु पासवान, लखन पासवान समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### पूर्व विधायक ने कार्यक्रम में जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी


मौजूद अथिति एवं लाभुक स्कूली छात्र।

**रजरप्पा।** बारलोंग पंचायत सचिवालय में हेमंत सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद बतौर अतिथि के रूप में पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। मौके पर पूर्व विधायक ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती साड़ी, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत छात्रों के बीच चेक का वितरण की। साथ ही कार्यक्रम के बारे लोगो को जानकारी दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर पुर्व विधायक ममता देवी का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी के रूप में कार्यपालक अभियंता रीना कुजूर, प्रमुख करुणा देवी, पंचायत सेवक महेश प्रजापति, बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, मुखिया रेखा देवी, उप प्रमुख प्रतिनिधि भरत महतो, बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, झामुमो नेता बबलू यादव, अरुण बनर्जी, पंसस निशा देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता, निरंजन बेदिया, लालदेव महतो, सूरज महतो, रंजीत करमाली, झलकू बेदिया, लालू महतो सहित अन्य गणमान्य लोग एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

# पावन क्रूस विद्यालय भुरकुंडा में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


गुब्बारा उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ कराते मुख्य अतिथि बीडीओ मनोज गुप्ता।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित पावन क्रूस विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने झंडोतोलन एवं मसाल प्रज्वलन कर किया। इसके बाद फ्री प्राइमरी, प्राइमरी स्कूल 1 से 5 व हाई स्कूल और पिरामिड के बच्चो ने मार्च पास्ट किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ मनोज गुप्ता, विद्यालय की सिस्टर सचिव अग्नेश बेक और सिस्टर प्राचार्या सिस्टर सुमंती टोप्पो ने संयुक्त रूप से गुब्बारा उड़ाकर किया। खेल-कूद की शुरूआत शपथ ग्रहण के साथ किया गया। इसके पूर्व विद्यालय की सचिव सिस्टर अग्नेश बेक ने मुख्य अतिथि बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चो को चार ग्रुप लाल, पीला, हरा व बुलू रंग में बांटा गया था। इस दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अव्वल हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक तंदुरूस्ती के लिए खेल-कूद जरूरी है। यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। बीडीओ श्री गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई की तरह बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का ज्यादा प्रयोग न करते हुए पढ़ाई पर फोकस करने की बात कही। प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य है। पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधक हर सार्थक कदम उठाती रही है, जो आगे भी जारी रहेगा। प्र्रतियोगिता को सफल बनाने में सिस्टर सुमंती टोप्पो, सिस्टर अनुपम, सिस्टर निशा, मो. कमरूद्दीन, रजनी सिन्हा, आशा मिंज, रेणु पॉल, रजनी डुंगडुंग, कंचन मिंज, अमन, आनंद, सुदीप, सुधीर प्रसाद, वाशिल कुजूर, संगीता, दीपा,खुशबू, निर्मला, सोसन, श्रवण, सलोनी, पूजा, फादर सेबरेन, फादर बरनावास, फादर थॉमस, मनीष, सुनीता, अनिमा अलमा, सिलेस्टीना पिंकी, आरती आदि का विशेष योगदान रहा। मौके पर दर्जनों अभिभावक मौजूद थें।

### प्रतियोगिता में इन खेलो का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में 50, 75, 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर दौड़, बिस्कुट दौड़, बलुन फोड़ना, खरगोश दौड़, बिंदी लगाकर दौड़ (जोड़ा में), रिंग पार करना, आलू जमा करना, पासिंग बॉल जिक-जैक, रिले, रस्सा-कस्सी, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, ऊंची व लंबी कूद, मुर्गा लड़ाई, सुई-धागा, पूंछ तोड़ना, बकेट में बॉल डालना, बोतल में पानी भरना, ड्रेस पहनकर दौड़ना, झंडा गाड़ना, बैलून फुलाकर दौड़ना, जूता पहनकर दौड़ना, मिठाई खोजना, सब्जी बाजार, एक पैर की दौड़, पत्तल में चलना, चम्मच गोली, जोड़ा मिलाना, रस्सी दौड़, बैलून पार्टनर, हॉकी से गेंद मारना, स्मरण दौड़, तीन पैर का दौड़, बोरा दौड़, वायुदाब दौड़, घड़ा दौड़, बास्केट में बॉल डालना, बाधा दौड़, पालकी दौड़, पासिंग बॉल (ऊपर से) रूमाल बांधकर दौड़ना, शब्द जोड़ना (जोड़ो में) आदि खेलों का आयोजन हुआ।

## स्पीड न्यूज

### दो पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की हुई शुरुआत



**सिमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रखंड के डाड़ी और जबड़ा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह और बगरा मंडल के भाजपा अध्यक्ष सुखदेव पासवान उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा उन योजनाओं का लाभ उठाने का संकल्प दिलाया गया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपा कार्यकर्ता विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। ऐसे में उक्त पंचायत में एक ग्रामीण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और ग्रामीणों से मुलाकात कर विविध लोक कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। मौके पर दोनों पंचायत के दर्जनों लोग मौजूद थे।

### जिला क्रीड़ा पदाधिकारी को राज्य में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान



**चतरा।** जिला क्रीड़ा पदाधिकारी चतरा तुषार राय को सिद्धू कन्हू युवा खेल क्लब 2023 के गठन में राज्य में सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु सचिव पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार मनोज कुमार तथा निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड, राँची सुशांत गौरव के द्वारा शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### परिनिर्वाण दिवस पर 200 कंबल का वितरण



मंचासीन अतिथि।

**रंका।** प्रेरणा प्रमार्थ आश्रम के तत्वावधान में प्रखंड अंतर्गत सिरोई खुर्द पंचायत के सिंगाकला गांव में सिंगाकला गांव निवासी मृत्युंजय सिंह एवं उनके परिवार के द्वारा अघोरेश्वर भगवान राम के परिनिर्वाण दिवस पर महाप्रसाद एवं कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रंका बीडीओ देवानंद राम, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा उपस्थित थे। इस दौरान वृद्ध, विधवा, दिव्यांग एवं असहायों के बीच 200 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर राजद गढ़वा जिलायक्ष सूरज सिंह, सत्यनारायण सिंह, महेंद्र सिंह, रेवती रमण सिंह, रविकांत सिंह, आलोक सिंह, मुकेश मिश्रा, अशोक सिंह, अनिल राम, शुभम मिश्रा, शंकर कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अयक्षता में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर उपायुक्त से उचित कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का भरोसा देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभागीय पदाकिारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, खेल मैदान बनाने, आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन करने, अतिक्रमण आदि से सम्बंधित मामले आये।

### भाजपा मंडल अयक्ष के निधन पर भाजपाइयों ने किया शोक व्यक्त

**जयनगर।** प्रखंड के परसाबाद भाजपा मंडल अयक्ष शशि भूषण चौधरी का इलाज के दौरान रांची में निधन हो गयी। उनकी निधन की खबर सुनकर सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, नितेश चंद्रवंशी, बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, अंजू देवी, अनूप जोशी, राजकुमार यादव, शिवलाल सिंह, सुीर सिंह, केदारनाथ यादव, नरेंद्र पाल, सुरेश यादव रामचंद्र सिंह, वीरेंद्र स्वर्णकार, सुरेंद्र भाई मोदी, मुनिया देवी, सीता देवी, किशुन यादव, राज नारायण सिंह, रामजी यादव, कविता कुमारी, महेश रजक, रामदेव मोदी, महेंद्र राणा, मनोज चौधरी, महावीर यादव, वीरेंद्र मोदी, गणपत यादव, हिंद किशोर राम, रवि यादव, महेंद्र राणा, रामनारायण यादव, अशोक बर्णवाल, विवेक साव, दिलीप यादव, शशिकांत चौधरी, दीपक सिंह, महेंद्र राणा, काफी संख्या में महिला पुरुषों ने अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

# डकैती की योजना बनाने के आरोपी को छह वर्ष का सश्रम कारावास, तीन हजार जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम गुलाम हैदर की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 484/10 एसटी 45/11 मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी बेकोबर निवासी पंकज कुमार उर्फ अजय मण्डल पिता काली सुंडी को डकैती की योजना बनाने और आर्म्स एक्ट मामले में दोषी पाते हुए 6 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर 3 हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया। जुर्माने की राशि नही देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इसके अलावे माननीय न्यायालय ने धारा 402 भादवी में दोषी पाते हुए 5 वर्ष सश्रम कारावास और 3 हजार आर्थिक जुर्माना, धारा 25(1)बी आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष सश्रम कारावास और 2 हजार का आर्थिक जुर्माना, धारा 26 (1) आर्म्स एक्ट में 3 वर्ष सश्रम कारावास और 2 हजार का आर्थिक जुर्माना, जुर्माने की राशि नही देने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन थाना प्रभारी राजीव रंजन ने गुप्त सूचना के आधार पर हथियार के साथ गिरफ्तार किया था, घटना को लेकर थाना प्रभारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय में सुनवाई के दौरान लोक अभियोजक पीक्रे मण्डल ने 9 गवाहों का परीक्षण कराया और अदालत से आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता मंटू सिंह से अपनी दलीलें पेश की। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए उक्त सजा सुनाई।

## श्री राम कथा को लेकर कलश यात्रा आज

### सामंतो काली मंदिर में 3 से 11 दिसंबर तक होगा श्री राम कथा का आयोजन, 12 और 13 को होगा काली महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** काली मंदिर महिला समिति सामंतो काली मंदिर के तत्वाधान में श्री राम कथा का 3 से 11 दिसंबर तक आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रतिदिन अपराह्न 2 बजे से श्री राम कथा का आयोजन सामंतो काली मंदिर सभागार में होगा। इसको लेकर भव्य पंडाल का निर्माण के साथ साथ मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया एवं सवारा जा रहा है एवं तोरण द्वार का भी निर्माण किया जा रहा है। वहीं 9 दिवसीय श्री राम कथा में प्रवचनकर्ता के रूप में अयोया के जगतगुरु रामानुचार्य एवं स्वामी गोपालाचार्य जी महराज के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान झांकियों के साथ प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। श्री राम कथा के आयोजन के पहले दिन रविवार को शहर के इंदरवा छठ तालाब से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो श्याम बाबा पथ, दुर्गा मंडप अड्डी बंगला, स्टेशन काली मंदिर, झंडा चौक, रांची पटना रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल सामंतो काली मंदिर पहुंच कर सम्पन्न होगी। इस दौरान सुसज्जित वाहन में देवी देवताओं का आकर्षक दरबार भी सजेगा। वहीं 12 और 13 दिसंबर को 2 दिवसीय अखंड काली महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें सुबह 11 बजे से अखंड ज्योत के साथ सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजेगा। इस 2 दिवसीय कार्यक्रम में स्थानीय एवं बहार के भजन गायकों के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### भद्रकाली कॉलेज में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

**इटखोरी।** भद्रकाली कॉलेज में एनएसएस इकाई एक एवं दो के तत्वावधान। में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार हज्जाम के द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य, प्रो ललित मोहन सिन्हा, प्रो श्यामसुंदर प्रसाद, प्रो जानकी प्रसाद दांगी तथा अन्य शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए प्रो ललित मोहन सिन्हा ने कहा कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है। सुरक्षा ही बचाव है। वर्तमान समय में विश्व में लगभग 9 करोड़ एड्स रोगी है। भारत में भी 35 लाख एड्स रोगी हैं। एड्स बीमारियों की जननी है। कोई भी बीमारी यदि लंबे समय से ठीक नही हो रही है तो एच आई भी की जांच करवानी चाहिए। प्राचार्य महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा की लोगो में जागरूकता फैलाकर ही एड्स से बचा जा सकता है। यह महामारी की तरह फैलती जा रही है। विश्व में लाखों लोगों की मृत्यु इससे होती है। आप्रकृतिक यौन संबंधों से बचना चाहिए।

### विशेष कैंप का आयोजन

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार मतदाता सूची पुनरीक्षन कार्यक्रम 2024 के तहत सभी +2 विद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कॉलेज में 04 एवं 05 दिसंबर को दो दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र ने जानकारी दिया कि वैसे सभी +2 विद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कॉलेज चतरा जिले में 2023-25 सत्र में नियमित व स्वतंत्र रूप से पंजीकृत होनेवाले छात्र व छात्राओं के पंजीयन एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में सम्मिलित होनेवाले छात्र-छात्राओं के डाटा सत्यापन एवं संशोधन हेतु चतरा जिले के प्रत्येक +2 विद्यालय, महाविद्यालय में दिनांक 04.12.2023 एवं 05.12.2023 को 02 (दो) दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

### लावारिस हालात में मिले वृद्ध को दिया नया जीवन

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अन्तर्गत ग्राम नगड़ी के खेल मैदान के समीप एक वयोवृद्ध व्यक्ति लावारिस हालात में दो दिन से पड़ा हुआ पाया गया। वह चलने फिरने में असमर्थ थे, जिसकी सूचना बदाल निवासी समाजसेवी श्रवण यादव एवं उनके सहयोगी टीम को मिलने के पश्चात श्रवण यादव अपने सहयोगियों के साथ खेल मैदान पहुंचकर उक्त व्यक्ति को खाने के लिए बिस्कुट और पानी दिया एवं पूछने पर वृद्ध ने सिर्फ मुजफ्फरपुर थाना का हूं बताया।

## भाजपा में घुटन महसूस हो रही थी : रौशन पाठक

### पूर्व विधायक को लगा झटका, राइट हैंड माने जाने वाले रौशन झामुमो में शामिल




माला पहनाकर शामिल कराते मुख्यमंत्री।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को बड़ा झटका लगा है। उनके राइट हैंड कहे जाने वाले प्रकाशचंद्र पाठक उर्फ़ रौशन पाठक ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की मौजूदगी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष श्री पाठक झामुमो में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

ज्ञात हो कि रौशन पाठक पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के राइट हैंड कहे जाते थे। गुरुवार को पलामू में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया। इसकी गढ़वा में काफी चर्चा है। रौशन पाठक ने पूर्व विधायक के शुरुआती चुनाव से ही साथ मिलकर काम किया था। उनका झामुमो में जाना पूर्व विधायक के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। झामुमो में शामिल होने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री पाठक ने कहा कि वे गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा पूर्व विधायक के साथ रहकर काफी घुटन महसूस हो रही थी। उनके कथनी एवं करनी में काफी अंतर है। जिस कारण क्षेत्र में भी आम लोगों के बीच शर्मिंदगी झेलनी पड़ रही थी। आज मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा में चौतरफा विकास की गंगा बह रही है। उनके किए जा रहे हैं कार्यों एवं हेमंत सरकार की नीति एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर वे झामुमो में शामिल हुए हैं।

### सीएम के आगमन को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कोडरमा में सम्भावित आगमन को लेकर प्रशासनिक गतिविायां तेज हो गयी है। इसी दौरान शुक्रवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कोडरमा प्रखंड स्थित मैदान का औचक निरीक्षण किया एवं आकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा आदि मौजूद थे।

### आजादी के 76 साल बाद भी नसीब नहीं हुआ सड़क बिजली पानी और अस्पताल

## रोड नहीं तो वोट नहीं के नारों से गूंज उठा शिलदाग पंचायत

अशोक कुमार

#### विधायक के दर्शन के लिए तरस गया हूं, ग्रामीण



**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड के शिलदाग पंचायत में रोड नही तो वोट नहीं के नारो से गूंज उठा है। इस क्षेत्र के ग्रामीण आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।ग्रामीणों ने शुक्रवार को तख्ती बैनर और पोस्टर लेकर साप्ताहिक हाट में जमकर नारेबाजी की साथ हीं स्थानीय सांसद और विधायक पर भी जमकर बरसे । साथ हीं कहा है कि स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह लगातार दो बार सांसद बने है उन्होंने चुनाव के समय बड़े बड़े वादा किए थे। और हमलोग को अस्पताल बिजली पानी और सड़क जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए थे लेकिन आज तक इन सब चीजों का नसीब नहीं हुआ है।आगे उन्होंने कहा है कि स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास से भी मांग किया गया उन्होंने 3 वर्ष पूर्व हीं कहा था कि आपके गांव आयेंगे और आपकी समस्यों का निदान किया जाएगा। लेकिन आज तक उनके दर्शन नहीं हुआ है हम सब ग्रामीण उनके दर्शन के लिए तरस रहे हैं साथ हीं सांसद और विधायक के वायदे इरादे का इंतजार हम ग्रामीण कर रहे हैं। आजादी के बाद लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत चतरा लोक सभा क्षेत्र और सिमरिया विधान सभा क्षेत्र से कितने सासंद और कितने विधायक तो जीत कर बदल गए किन्तु आज भी लावालौंग प्रखण्ड क्षेत्र का किस्मत नहीं बदली है ज्यों का त्यों बना हुआ। यहां यदि मरीज बीमार पड़ जाए तो इलाज के वगैर दम तोड़ देता है। यहां आज तक बल्ब की रोशनी देखने की नसीब नहीं हुआ है यानी आज तक यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं से वंचित रखा गया है। एक ओर केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक ग्रामीण क्षेत्रो को विकास के लिए करोड़ो रुपए पानी के तरह खर्च किया जा रहा है किंतु ढाक के तीन पात वाली कहावत शामिल है।

## एक नजर में

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये 1347 आवेदन



शिविर में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के शिवपुर पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ मो. आफताब आलम, प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष विकास उपायाय आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में जेएसएलपीएस की 58 सखी मंडलों को चक्रीय निाि के रूप में आपसी लेन देन के लिए 12 लाख, सामुदायिक निवेश निाि में आजीविका वृद्धि के लिए 22 लाख रुपए व बतौर कैश क्रेडिट लिंकेज 55 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। शिविर में अबुआ आवास के 857, शिक्षा 20, मनरेगा 26, राजस्व 12, पेंशन 94, पशुपालन 21, आाार कार्ड आठ, आयुष्मान कार्ड 53, बाल विकास 105, राशन 102, पेयजल एवं स्वच्छता 28, षि विभाग एक, जाति एक, अन्य 19 कुल 1347 आवेदन प्राप्त हुए। जबकि ओपीडी में 54 लोगों की जांच कर दवा दी गई। मौके पर पंचायत मुखिया सोनी देवी, जेएसएलपीएस के बीपीएम प्रदीप कुमार पाठक, एसआई अगस्तीन टेटे, कंप्यूटर सहायक श्रीकांत सिंह, सीआरपी धर्मेंद्र कुमार दुबे, पंचायत सेवक संजीव कुमार ठाकुर, पूर्व मुखिया जय किशुन राम, मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम, हरिनाथ चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।

### मृतक का शव पहुंचा घर



शव को देखते लोग ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के सिकंदराबाद कमाने गए युवक का गुरुवार की शाम शव पहुंचने से घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि राजू सिंह पिता जगदीश सिंह एक माह पूर्व घर से ठेकेदार के मायम से सिंकदराबाद काम करने गया था। 29 नवम्बर को गांव के ही साथ में काम करने गए बिगन राम से सूचना मिला कि राजू का तबियत खराब हो गया है। बाद में मौत हो जाने की जानकारी मिली। बिगन ने बताया कि हम लोग एक साथ ही इंस्पेक्टरा नामक निजी कंपनी में काम करते थे। वहां हम लोग सरिया सेंटरिंग में काम करते थे। 29 नवम्बर के सुबह राजू का अचानक तबियत खराब हो गया। जिसके बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव घर पहुंचने की सूचना मिलते ही मुखिया पति ानंजय साह, भाजपा मंडल अयक्ष सोना किशोर यादव, समाजसेवी सुशील चौबे आदि ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया। मुखिया पति ानंजय साह ने परिजनों को आर्थिक सहयोग एवं सरकारी प्रावाान के अनुसार लाभ दिलाने की बात कही।

### जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की लोक कल्याणकारी योजना के तहत जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जा रहा है। इसी के तहत झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा झरनाकुंड मुंडा हातु नीचे टोला वार्ड संख्या चार में गरीब-आदिम जनजाति आदिवासी लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वहीं वार्ड संख्या दो के सालेटांड आदिवासी मुंडा टोला और देवनिया आदिवासी मुंडा टोला में रहने वाले 90 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं नगर प्रशासक हर्षर्वान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को सभी योग्य व जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, इसके लिए नगरपरिषद लगातार प्रयास कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर लाभ उठाएं, इसके लिए संबंधित वार्डों में प्रचार-प्रसार लागातार किया जा रहा है। इस दौरान आदिवासी लोगों ने नगर प्रशासक का स्वागत किया एवं कंबल मिलने पर खुशी जाहिर की। वहीं नगर प्रबांक डॉ. अरविंद मोदी ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए कृतसंकल्प है। मौके पर चंदन पांडे, रूस्तम, बनमाली मुंडा, बौसिह मुंडा, पांडु मुंडा, दीपक मुंडा, रूपा मुंडा, करम सिंह मुंडा, चांदमनी मुंडा, मंगरी मुंडा, शुकरू मुंडा, काली मुंडा, जयराम मुंडा आदि मौजूद थे।

### जागरूकता ही एड्स का प्रमुख बचाव है : सिविल सर्जन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व एड्स दिवस पर सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने जहां रेड रिबन लगाकर आमलोगों को जागरूक किया, वहीं स्कुली बच्चों के बीच रंगोली और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सम्बोाित करते हुए सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि जागरूकता से ही एड्स पर अंकुश लगाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल समेत सरकारी संस्थानों में एड्स से सम्बंाित समुचित जांच किया जाता है एवं दवाइयां भी निःशुल्क दिया जाता है। कार्यक्रम के पूर्व रंगोली और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालिका उच्च विाालय और राजकीयकृत प्लस टू उच्च विाालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर उपााीक्षक डॉ. रणजीत कुमार, डीएलओ डॉ.रमण कुमार, डीएमओ डॉ.मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, सुमिता कुमारी, सुमित कुमार, विनीत अग्निहोत्री, बबिता कुमारी, सुशील कुमार, विजय पासवान समेत स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सिविल सर्जन ने टीबी मरीजों के बीच पोषण टोकरी का वितरण किया


पोषण टोकरी का वितरण करते अधिकारी।

**लातेहार।** लातेहार के सिविल सर्जन डॉ० अवधेश सिंह एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ० शोभना टोप्पो के द्वारा प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत सीसीएल के द्वारा पोषण टोकरी का वितरण जिला यक्ष्मा केंद्र लातेहार में शुक्रवार को किया गया, उक्त अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक निशांत कुमार, डीपीपीएमसी ईशान गुड़िया एवं जिला यक्ष्मा कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। विदित हो कि जिले में सीसीएल ने सभी टी०बी० मरीजों को दो माह के लिए गोद लिया है जिसके फल स्वरुप सीसीएल को सीनी के माध्यम से जिले के हर प्रखंड के टी० बी० यूनिट में टी०बी० मरीजों को पोषण टोकरी वितरण करना है, इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह ने मरीजों को नियमित रूप से टी०बी० की दवा खाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बिना दवा खाए टी०बी० का इलाज संभव नहीं है।

## प्रखंड प्रशासन से ग्रामीणों ने अलाव व्यवस्था कराने की मांग की

**बारियातू।** बढ़ते ठंड की प्रकोप को देखते हुए प्रखंड प्रखंड प्रशासन से ग्रामीणों ने चौक चौराहे व सार्वजनिक स्थानों मे अलाव व्यवस्था करने की मांग किया है. गोनिया बस स्टैंड गिद्दीमोड़, बरछिया, बस स्टैंड बारियातू, फुलसुमोड़ सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में ठंड से ग्रामीण आते जाते हैं बढ़ते ठंड को देखते हुए ठंड से बचाव के लिए अलाव व्यवस्था करने की मांग किया है।

## सेवानिवृत्त हुए चौकीदार गोपाल को दी गयी भावभीनी विदाई


चौकीदार को विदाई देते थाना के अधिकारी।

**चंदवा।** चंदवा थाना में लगभग 33 वर्षों की लंबी अवधि तक सेवा देने के बाद चौकीदार गोपाल महली सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को चंदवा थाना में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि दिव्य प्रकाश, जमील अंसारी, दीपक नारायण, सअनि महादेव उरांव, पूर्व इंस्पेक्टर बबलू कुमार समेत चंदवा थाना के अधिकारियों एवं चौकीदारों ने फूल माला पहना कर उनका अभिनंदन किया व उपहार भेंट कर उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस मौके पर थाना प्रभारी शुभम कुमार ने कहा कि प्रशासन और जनता के बीच की कड़ी चौकीदार होते हैं। इसका निर्वाहन करते हुए गोपाल महली अपने कार्यों के प्रति सदैव तत्पर रहते थे। इनके सेवानिवृत होने से थाना को इनकी कमी हमेशा खलेगी। वहीं सेवानिवृत्त हुए चौकीदार गोपाल महली ने कहा कि 33 वर्षों की लंबी सेवा में जो स्नहे व प्यार आप सभी से मिला है उसे सदैव जीवन भर याद रखूंगा। जब भी चंदवा थाना को मेरी जरूरत महसूस हो, मदद के लिए मैं तैयार रहूंगा। बता दे कि चौकीदार गोपाल महली 1 जनवरी 1990 को चौकीदार के पद पर योगदान दिया था, जिसके बाद से लगातार 33 वर्ष से अधिक समय तक उन्होंने सेवा दी। विदाई के मौके पर चौकीदार राजकिशोर महली, संतोष प्रजापति, बनेश महतो, कृष्णदयाल साहनी, जगदीश तुरी, रँथु उरांव, सोहन महतो समेत कई अन्य लोग मौजूद थें।

## ईंट की बनी सड़क को तोड़ कर गड्ढे खोदने पर स्थानीय ग्रामीणों में रोष


सड़क को तोड़कर गड्ढा किया हुआ।

**लातेहार।** एक तरफ लोग सड़क कि मांग को लेकर प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं सरकारी कार्यालयों की चक्कर काटते फिरते हैं। वहीं दूसरी तरफ शुक्रवार को एक मामला देखने को मिल रहा है। सदर प्रखंड स्थित बहेराटांड़ में ग्रेड वन पथ को कबाड़ कर बाउंड्री करने के लिए न्यू खोद दिया गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष? व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को मुख्य सड़क में निकलने के लिए एक यही सड़क है।इस सड़क को तोड़ देने से आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं ग्रामीणों के द्वारा खबर किये जाने पर आजसू नेता जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास ने स्थल पर पहुंचे उन्होंने कहा कि यह स्थानीय ग्रामीणों के साथ अन्याय है सरकारी सड़क को तोड़ देना सरासर गलत है। यह कार्य कानून कि विरुद्ध किए जा रहे हैं। कानूनी कार्रवाई करते हुए कार्य पर रोक लगाई जाए। वहीं स्थल को जांच करने पहुंचे राजस्व कर्मचारी सर्वेश राम ने कहा कि इस तरह का कार्य करना कानून कि विरुद्ध में है। कहीं न कहीं सरकारी पैसों का नुकसान है। इस मामले से मैं अंचलाधिकारी को अवगत कराउंगा जांचोपरांत प्रतिवादी को नोटिस किया जाएगा।

## हर गरीब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह हेमंत सरकार का लक्ष्य है : वैद्यनाथ राम

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में विधायक ने किया परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित धाधु पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन लातेहार विधायक बैजनाथ राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी बालूमाथ सोमा उराँव, बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति


शिविर का उद्घाटन करते विधायक व अन्य अतिथि।

विजया कुजूर, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कई योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया था। जिसमे अबुआ आवास योजना के लिये 790, बिरसा सिंचाई योजना 24, गुरु जी क्रेडिट कार्ड 5, जाति, आय, जन्म, मृत्यु, दिव्यंगता प्रमाण पत्र 37, मोटेशन, लगान रसीद, मापी, ऑनलाइन रिकॉर्ड में सुधार 13, 15वीं वित्त योजना 12, मनरेगा योजना 85, सर्वजन पेंशन योजना 26, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना 71, किसान क्रेडिट कार्ड योजना 18, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 22, श्रम विभाग अंतर्गत श्रमदान पोर्टल पर प्रवासी समित का पंजीकरण 20, धोती-साड़ी वितरण 256, कंबल वितरण 180, आधार, राशन कार्ड, बिजली बिल में संशोधन 44, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग 16 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें दो छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए चेक का वितरण किया गया।

**हर गरीब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे यह हेमंत सरकार का लक्ष्य है : वैद्यनाथ राम**

मौके पर लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने कहा कि हेमंत सरकार की सोच है की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से हर गरीब तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे यह हेमंत सरकार का लक्ष्य है। जनता को अपने कार्यो के लिए प्रखंड व जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े इसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन अपने गांव गांव आयी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आयोजित शिविर में आप अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ ले। मौके पर झमुमो युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष औरंजेब खान, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उराँव समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार के अध्यक्षता में हिमांशु मोहन, उपायुक्त, लातेहार अंजनी अंजन, आरक्षी अधीक्षक लातेहार रौशन कुमार डीएफओ, लातेहार व जिला के अन्य पदाधिकारियों के साथ आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक की गयी। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्री अखिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ;झालसा रॉची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा 9 दिसंबर दिन शनिवार को व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसे सभी सभी पदाधिकारीगण के प्रयास से ही अभुतपुर्व और सफल अनाया जा सकता है। साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अखिल कुमार ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित नोटिस संबंधित पक्षकारों को जल्द से जल्द प्राप्त करवाने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए सभी को ईमानदार प्रयास करना होगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम प्रयास का आश्वासन दिया। इस बैठक में स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार, मो0 परवेज एसडीओ, लातेहार समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।


बैठक में मौजूद लोग।

## चंदवा में सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चतरा जिले के मदरसा जामिया रशीदुल उलूम में बीते 29 नवंबर को आयोजित जिला स्तरीय धार्मिक प्रतियोगिता में चंदवा तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम के बच्चों ने प्रथम व पांचवा स्थान लाकर कर प्रखंड समेत लातेहार जिले का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता में दो इनाम जितने पर चंदवा के तिलैयाटांड़ स्थित मदरसा खैरूल उलूम परिसर में गुरुवार शाम एक सम्मान समारोह आयोजित कर बच्चों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मदरसा खैरूल उलूम के संचालक मौलाना रिजवान दानिश नदवी ने कहा कि यह इनाम पाना सिर्फ मदरसा ही नहीं पूरे इलाके के लिए गर्व की बात है। उक्त प्रतियोगिता में कई होनहार बच्चों ने भाग लिया था बच्चों की धार्मिक बौद्धिक क्षमता को आंकने के लिए वहां पर मुफ्ती नजरे तौहीद के नेतृत्व में कई नामचीन हस्तियां भी मौजूद थे जिन्होंने बच्चों के बौद्धिक ज्ञान व लगन के आधार पर समय सीमा के अंदर कुरान की आयतें सुनाने के बाद उनका चयन कर उन्हें इनाम देकर सम्मानित करने का काम किया है। वंही समारोह को संबोधित करते हुए हाफिज एहसान व पूर्व उप प्रमुख हाजी फिरोज अहमद ने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इनाम जीतकर वाकई में बच्चों ने इलाके का नाम रौशन किया है। बताते चलें कि बीते 29 नवंबर को चतरा व लातेहार जिले के अंतर्गत आने वाले मदरसों के बच्चों की बौद्धिक क्षमता आंकने के लिहाज से चतरा के मदरसा जामिया रशीदुल उलूम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दोनों जिलों के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता बच्चों की आयु के हिसाब से पांच स्तर पर आयोजित थी जिसमें अलग अलग आयु के बच्चों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में चंदवा से चार बच्चों ने भाग लिया था जिसमें मो केफायतुल्लाह,मो फारुख,मो अबुजर,मो तफज्जुल शामिल हैं। बड़े आयु वाले बच्चों की प्रतियोगिता में मो केफायतुल्लाह ने प्रथम स्थान हासिल किया है वहीं कम आयु वाले प्रतियोगिता में मो फारुख ने पांचवा स्थान हासिल किया है। प्रथम पुरस्कार जीतने पर आयोजन कमिटी की ओर से उन्हें नगद दस हजार व शील्ड देकर उन्हें नवाजा गया है। सम्मान समारोह का संचालन मौलाना सलमान कर रहे थे। मौके पर मुख्य रूप से अंजुमन के सदर मो अब्दाल, कारी वहाजूल हक, मुफ्ती गुलजार, डॉ शम्स राजा, मौलाना इरफान, मो शमशाद, मो एहतेशाम (सोनू), नौशाद आलम, मो आदिल, मो तैयब समेत अन्य लोग मौजूद थे।


सम्मानित बच्चे व मौजूद अतिथि।

## बीडीओ ने की प्रखंडकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में प्रधान मंत्री आवास योजना, मनरेगा में (एबीपीएस) के लिए सभी पंचायत के पंचायत सचिव को रोजगार दो दिनो मे सत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में अधिक से अधिक लोगो को सुचित करने का निर्देश दिया साथ ही अन्य योजना 15 वें वित चुनाव,पेंशन योजना सहित अन्य कार्य को भी प्रगति पर लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्यव शशि कुजूर, बीपीओ रवि यादव, प्रखंड समन्वयक पंकज पाण्डेय सहित सभी रोजगार सेवक और पंचायत सचिव उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल पदाधिकारी।

## फूलसु में एक समारोह मे भोजन खाने से दो दर्जन लोग बीमार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के फुलसु पंचायत अंर्तगत मुक्की ग्राम निवासी मनोज राम के घर एक समारोह में बने भोज खाने से लगभग दो दर्जन लोग बिमार हो गए सभी को स्थानीय मुखिया तेतरी देवी व युवा कांग्रेस नेता लाल आशिष नाथ शाहदेव ने एंबुलेंस के माध्यम से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां सभी पिड़ितों को उपचार किया गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मनोज राम ने बताया कि मेरे यहाँ एक समारोह में कई मेहमान आये हुए थे। समारोह में आये मेहमानों के लिए भोजन में चावल, दाल सब्जी की व्यवस्था की गई। किसी को भी जानकारी नहीं थी कि चावल में छिपकली गिर गई है। भोजन परोसने के दौरान ही एक व्यक्ति की थाली में चावल के साथ मरी हुई छिपकली दिखाई दिया। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया। देखते ही देखते जिन लोगों ने भोजन कर लिया था,उनमें से नागेश्वर राम 45 वर्ष, अंकित कुमार (12)निशांत कुमार (12) परमेश्वर कुमार(13) सावित्री देवी (35) अर्जुन राम (30) आरती कुमारी (16) सविता देवी (40) सभी अचेत हो गए। और कई लोगों को उल्टी होना शुरू हो गया। इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया व कांग्रेस नेता शाहदेव को दिया गया। तत्परता के साथ बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से वार्ता कर एंबुलेंस मंगवा के माध्यम से सभी बीमार व्यक्तियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ ले गये। जहाँ डॉक्टर अलिसा टोप्पो द्वारा बीमार लोगों का ईलाज किया गया। उन्होंने बताया कि सभी की हालत स्थिर है और घर भेज दिया।


जानकारी देते परिजन।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए कई गरीब असहाय वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कंबल का किया गया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत बालूभांग के हेरनहोपा सहित कई गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए कई बृद्ध असहाय महिला पुरुषों के बीच उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने कंबल वितरण किया। पंचायत मुखिया केदार गंझू जानकारी देते हुए बताया कि प्रखंड प्रशासन से 180 कंबल प्राप्त हुआ था जिसे बालूभाँग पंचायत के सभी 12 वार्डों मे वार्ड सदस्यों को अपने- अपने वार्ड मे निहायत जरुरतमंदो के बीच वितरण करने के लिए दे दिया गया। वहीं कई वृद्ध असहाय लोगों ने कंबल पाकर प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर आसपास के कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।


कंबल वितरण करते लोग।

## सरयू में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सरयू।** सरयू टीओपी ओपी क्षेत्र अंतर्गत डबरी सरना के समीप वृहस्पतिवार को संध्या में लातेहार के पतराती, कुरा गाँव निवासी मनोज उरांव 32 वर्ष की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक बिजली वायरिंग का कार्य कर अपने घर वापस जा रहा था। उसी दौरान डबरी जंगल में सरना के समीप तीखे मोड़ होने के कारण बाईक से अनियंत्रित होकर पेड़ में जा टकराया। जिससे युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की सूचना पाकर ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव घटना स्थल पर जाकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरिक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जमीरा पंचायत सचिवालय में लगा विकास शिविर

# विभिन्न योजनाओं के दर्जनों लाभुकों के बीच किया स्वीकृति पत्र, चेक, कंबल व धोती-साड़ी का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत सचिवालय में विकास शिविर सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता सह डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ विजय कुमार, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझु, मुखिया दुर्गावती देवी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, साइकल वितरण योजना, पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व चेक वितरण किया, साथ ही पंचायत के दर्जनों गरीब, असहाय जरूरतमंदों के बीच कम्बल, धोती-साड़ी बांटे।


शिविर का उद्घाटन करते अतिथि।

शिविर को संबोधित करते हुए झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा ने कहा कि सरकार व प्रशासन जनता के बीच जाकर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्यके योग्य जरूरतमंद तक पहुंचाया जाए व जन समस्याओं का निराकरण किया जाए इसी उद्देश्य के साथ हेमंत सोरेन सरकार द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हेमंत सरकार द्वारा चलाये जा रहे इस कार्यक्रम का लाभ उठाकर आज गांव के ग्रामीण अपनी समस्याओं को शिविर में रख रहे हैं, जिसका निराकरण भी निकाल रहा है। राज्य के हर जरूरतमंद का अपना पक्का घर हो इस उद्देश्य से राज्य की हेमंत सरकार के द्वारा अबुआ आवास आवास योजना लायी गयी है। योग्य लाभुक इसका लाभ जरूर उठाएं। वहीं अपर समाहर्ता सह डीडीसी आलोक शिकारी कच्छप, बीडीओ विजय कुमार व सीओ जयशंकर पाठक ने आमजनों के बीच संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। वहीं शिविर में प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। स्टाल के माध्यम से लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली लाभ को लेकर आवेदन भी दिया। शिविर का संचालन बीडीओ विजय कुमार ने किया। मौके पर पंसस बलकु मुंडा, अनुरोध कुजूर, बीपीओ रतन शाहदेव, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, सीआई ऋषिदेव कमल, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक रितेश कुमार, कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, संख्यायिकी पदाधिकारी शिशिर बारला, रोहित मेहता, डीलर विजय शंकर सिंह, रामपाल उरांव, झामुमो युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, रविन्द्र यादव, समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों मौजूद थे।

### एक नजर में

## नावागढ़ में विकास शिविर का हुआ आयोजन


दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला आपूर्ति पदाधिकारी रेशमी लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी, अंचल अधिकारी देवाशीष टोप्पो, प्रमुख परशुराम लोहरा, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतन गुप्ता, पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य खुशबू बीबी समेत अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीडीओ ने अपने संबोधन में बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे आम जनता के द्वार जाकर उनकी समस्याओं को निष्पादन किया जा सके एवं सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। साथ ही शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें कल्याणकारी योजनाओं गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी विस्तार से दिया। वही पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव ने शिविर में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। वही पंचायत समिति सदस्य खुशबू बीबी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लाभुकों को लाभ पहुंचाने का है। जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन देकर करवा सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, कूप निर्माण योजना, जॉब कार्ड आदि के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का नगर पंचायत अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन


शिविर में परिसंपत्ति का वितरण करते अतिथि।

**लातेहार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आज नगर पंचयात क्षेत्र अंतर्गत वार्ड न. 4, 5, 6 का आयोजन रेलवे स्टेशन बाजारटांड़ स्तिथ विवाह मंडप में किया गया। जसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों को लाभ देना है। शिविर में सरकारी योजनाओं सहित कई विभागों का स्टॉल लगाया गया है। आप सभी ग्रामीण अपना आवेदन जमा कर अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर के दौरान जिसके बाद नपं अध्यक्ष सीतामणि तिर्की व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व अन्य अतिथियों के द्वारा लाभुकों के बीच आवास के सांकेतिक चाभी, वृद्ध महिलाओं के बीच कम्बल, धोती–साड़ी राशन कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के नगर पंचायत के नोडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, प्रशासक राजीव रंजन, विशाल कुमार, वीरेंद्र पाठक, चन्दन कुमार समेत हजारो लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

## डुमारो के ग्रामीणो ने पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कराने की मांग की

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती डुमारो पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार के नाम आवेदन देकर आगमी 16 दिसंबर को आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले विकास शिविर में पंचायत भवन में हीं आयोजित कराने की गुहार लगायी है। ग्रामीणो ने आवेदन में कहा है पंचायत सचिवालय के बजाये काली मैदान में होने की बात सामने आ रही है, इससे हम सभी दु:खी है। कार्यक्रम पंचायत भवन में आयोजित होगा तो पुरे पंचायत के लोग शिविर का लाभ उठा पायेंगे। ग्रामीणो ने आवेदन की प्रतिलिपि डीसी, डीडीसी व एसडीओ को भी समर्पित की है। मांग करने वालों में पंचायत के सैकड़ो ग्रामीण शामिल हैं।

